गणित क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तत्वावधान मे आज गणित विभाग ने गणित क्लब द्वारा गणित पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में हुआ. जिसमे बी.एस.सी. एवं एम.एस.सी. (गणित) की 9 टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर बी.एस.सी. कम्प्यूटर सांईस तृतीय वर्ष के मीनू, पुनित एवं कल्पना ने और द्वितीय स्थान पर एम.एस.सी अन्तिम वर्ष के प्रवीन माथुर, मेघा गुप्ता एवं प्रीति तथा तृतीय स्थान पर बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के जैनव, सचिन लाम्बा एवं भूपेन्द्र ने प्राप्त किया.

इस कार्यक्रम में क्लब के बी.एस.सी. तृतीय वर्ष व एम.एस.सी. अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को क्लब का प्रमाण पत्र दिये गये. क्लब के सभी प्रदाधिकारियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया. प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई दी और बताया कि वर्ष 2011 से यह क्लब निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराता रहता है जिससे विद्यार्थियों में पढाई के साथ–साथ अन्य सास्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्साहित किया जाता है. इस क्लब के अध्यक्ष घनश्याम, उपाध्यक्ष नवया गोयल एवं भुपेन्द्र डागर, क्लब के सचिव साँची शर्मा एवं सुरभि गोयल बी.एस.सी प्रथम वर्ष, क्लब के सहसचिव मनीष एवं वन्दना तथा कोषाध्यक्ष नेहा एम.एस.सी प्रथम वर्ष हैं. गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० के.एल. कौशिक ने क्लब द्वारा आयोजित सभी गतिविधियों की जानकारी दी एवं प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता एवं संभाग द्वितीय के प्रभारी श्री अशोक कौशिक और उपस्थित स्टाफ के अन्य सदस्यों का धन्यवाद दिया.